दिनांक : 28.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :-**

- **जर्मनी में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा- भाषा की समस्या घटाने के लिए प्रदेश में लैंग्वेज इंस्टीट्यूट खोलने की योजना।**
- **राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने यूरेशियन ग्रुप के देशों की मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में बताई अहम् भूमिका।**
- **टीबी रोग की सटीक जानकारी के लिए सी-वाय टीबी स्किन टेस्ट की हुई शुरुआत।**
- **कोहरे के मौसम में सुरक्षित रेल आवागमन के लिए भोपाल मंडल में दिए गए 341 फॉग सेफ डिवाइस।**

**मुख्यमंत्री विदेश निवेश**

**जर्मनी और मध्यप्रदेश मलकर रोजगार के लिए नए आयाम स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज जर्मनी के म्यूनिख में स्थित राज्य चांसलरी में बवेरियन राज्य सरकार के राजनीतिक नेतृत्व से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जर्मनी में अनेक अवसर हैं, लेकिन भाषा एक बड़ी चुनौती है। भाषा की चुनौती को दूर करने के लिए हम मध्यप्रदेश में लैंग्वेज इंस्टीट्यूट खोलने की योजना बना रहे हैं, ताकि रोजगार के अवसरों के लिए भाषा की बाधाएं दूर की जा सकें।**

## जन विश्वास विधेयक

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि लोगों से चर्चा करके, सुझाव लेकर, केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति प्राप्त करके सरकार एक और जन विश्वास विधेयक ला रही है । उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इसपर तेजी से काम हो रहा है।

## यूरेशियन ग्रुप बैठक

इन्दौर में 41वीं यूरेशियन ग्रुप- ईएजी प्लेनरी देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि यूरेशियन ग्रुप के देशों की बैठक मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सभी बड़े देशों को एकजुट होकर मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए एकजुट होकर बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा भारत सरकार टेरर फंडिंग के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है। वहीँ, ईएजी ग्रुप के अध्यक्ष यूरी चिकानचिन ने कहा ईएजी ग्रुपों में भारत के प्रयास सार्थक, प्रभावी और प्रशंसनीय हैं। केन्द्रीय वित्त सचिव संजय मल्होत्रा ने आतंकवाद को वित्त पोषण, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम, पारदर्शी अर्थव्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## हाई स्पीड ट्रेन

सरकार ने आज लोकसभा में बताया कि रेलवे ने तेज गति से चलने वाली रेलगाडियों की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री एक अन्य सरकारी उपक्रम बी ई एम एल के सहयोग से इस रेलगाडी की डिजाइनिंग और निर्माण कर रही है, जिसकी अधिकतम गति 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी निर्माण लागत लगभग 28 करोड़ रुपये प्रति रेलगाडी होगी।

टीबी उन्मूलन

केंद्र सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीज के साथ रह रहे परिजनों और अन्य हाई रिस्क ग्रुप के लिए सी-वाय टीबी स्किन टेस्ट की शुरुआत की गई है। भोपाल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस टेस्ट से टीबी इन्फेक्शन की सटीक जानकारी मिलती है।

इस टेस्ट के परिणाम के लिए व्यक्ति को 48 से 72 घंटे के बीच पुनः स्वास्थ्य संस्था में आना होता है। यहां पर चिकित्सक अथवा स्वास्थ्य कर्मी द्वारा त्वचा के उसे हिस्से का परीक्षण किया जाता है जहां पर जांच के सॉल्यूशन लगाया गया था। टेस्ट रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर ट्यूबरक्लोसिस प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है। इस इलाज से भविष्य में टीबी होने की संभावना खत्म हो जाती है।

फॉग सेफ डिवाइस

कोहरे के मौसम में रेल संचालन के लिए भोपाल मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रेल संचालन से जुड़े कर्मचारियों को विशेष निर्देश के साथ-साथ बाधा रहित ट्रेन संचालन में उपयोगी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। सर्दियों के मौसम में कोहरे के दौरान भोपाल मंडल में लोको पायलटों को लोको में उपयोग हेतु 341 फॉग सेफ डिवाइस दिए गए हैं।

फॉग सेफ डिवाइस एक GPS आधारित उपकरण है और लोको पायलटों की मदद के लिए डिजाइन किया गया है। यह उपकरण सिग्नल की सटीक जानकारी प्रदान करता है जिससे ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और निर्बाध रूप से हो सके।

यात्री संरक्षा की दिशा में एक और कदम उठाते हुए भारतीय रेलवे ने आज पूरे देश में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है. रेलवे बोर्ड के सदस्य परिचालन और व्यवसाय विकास रविंदर गोयल ने नईदिल्ली में यह एप्लीकेशन लांच किया।

प्रदेश उद्यानिकी विकास

प्रदेश में उद्यानिकी के विकास के लिये नवाचार और तकनीकी सुधार किये जा रहे है। इसके फलस्वरूप राज्य में उद्यानिकी का रकबा बढ़कर लगभग 27 लाख हेक्टेयर हो गया है। अब ई-नर्सरी पोर्टल से उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करवाई गई है। गौरतलब है कि प्रदेश संतरा, धनिया मसाले तथा औषधीय एवं सुगंधीय पौधे उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त प्रदेश टमाटर, लहसुन, हरी मटर, अमरूद ,फूल गोभी, मिर्च एवं प्याज उत्पादन में दूसरे तथा नीबू वर्गीय फल, लाल मिर्च, बंद गोभी एवं फूल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है ।

कुछ समाचार संक्षेप में:

- प्रदेश की कोल आधारित विद्युत क्षमता की आवश्यकता के आधार पर केंद्र सरकार की उच्च स्तरीय समिति ने प्रदेश के लिए 4100 मेगावॉट के नए थर्मल पॉवर प्लांट के लिए कोयले के आवंटन स्वीकृति दे दी है.
- उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में अतिविशिष्ट व्यक्तियों का आना जाना लगा रहता है। कलेक्टर एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के आदेशानुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने इसके लिए चार सदस्यीय स्पेशल प्रोटोकॉल सेल गठित की है।
- जबलपुर में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य चल रहा है। अभी तक 15 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने हैं।
- खरगोन जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर 25 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी की जा रही है। अब तक 811 किसानों से 1548 मेट्रिक टन सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी है।

- श्योपुर में सीईओ जिला पंचायत द्वारा मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले छात्रों की उपस्थिति एप और मैसेज के माध्यम से दर्ज नही किये जाने पर शाला प्रभारियो को नोटिस जारी किये है।
- कटनी में जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने खडोला पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत के सचिव को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।
- सीहोर जिले में 4 दिसंबर को जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जायेगी
- देवास जिले में केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शुरू किये गए जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 2.0 के तहत आज जिला पंचायत परिसर में लोक अधिकार केंद्र का शुभारंभ किया गया ।
- गुना जिले में नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 10 में पार्षद पद के लिये हनव  लड़ने वाले 4 अभ्यर्थियों को आज चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये हैं ।
- नर्मदापुरम में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 'हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय गृह विज्ञान कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बाल विवाह निषेध कानून के प्रति जागरूकता और बाल विवाह मुक्त भारत की प्रतिज्ञा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर:

- जर्मनी में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा- भाषा की समस्या घटाने के लिए प्रदेश में लैंग्वेज इंस्टीट्यूट खोलने की योजना।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने यूरेशियन ग्रुप के देशों की मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में बताई अहम् भूमिका।
- टीबी रोग की सटीक जानकारी के लिए सी-वाय टीबी स्किन टेस्ट की हुई शुरुआत।

- **कोहरे के मौसम में सुरक्षित रेल आवागमन के लिए भोपाल मंडल में दिए गए 341 फॉग सेफ डिवाइस।**